दिनांकः 29.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले ''मन की बात'' कार्यक्रम को देशवासियों की सामुहिक शक्ति का जीवंत दस्तावेज बताया है। इस मासिक कार्यक्रम की आज 117वीं कड़ी को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने संविधान की विरासत, स्वास्थ्य क्षेत्र में देश की उपलब्धियों, एआई चैट बोट सुविधा और प्रयागराज महाकुंभ सहित विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान हमारा मार्गदर्शक है। भारतीय संविधान को अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए विशेष वेबसाइट बनाई गई है।

...............................................................

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने मलेरिया की चुनौती का दृढ़ता से मुकाबला किया है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले आठ सालों में मलेरिया के मामलों में अस्सी प्रतिशत कमी आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए बड़ा संबल बनी है।

...............................................................

प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता इसकी विविधता में है। विविधता में एकता का दृश्य दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलता। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अगले साल पहली बार वेव समिट का आयोजन होने जा रहा है। इसमें मीडिया और मनोरंजन की दुनिया की दिग्गज हस्तियां और क्रिएटिव वर्ल्ड से जुडे लोग शामिल होंगे।

मन की बात कार्यक्रम की इस साल की आखिरी कड़ी में प्रधानमंत्री ने आने वाले साल की शुभकानाएं दीं। उन्होंने कहा कि देशवासियों की सकारात्मक सोच और नवाचारों से भारत नई ऊंचाइयां छुएगा।

...............................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आज से कोटा दौरे का कार्यक्रम है। तीन दिन के इस प्रवास में वे कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। श्री बिरला आज पेंशनर्स समाज के वार्षिक अधिवेशन में भी भाग लेंगे। उनका शिवपुरा के भीतरिया कुंड में प्रबुद्धजन सम्मान समारोह सहित अन्य आयोजनों में भाग लेने का कार्यक्रम है।

...............................................................

राज्य में मावठ के बाद अब सर्दी का असर तेज हो गया है। जयपुर, बीकानेर, अजमेर, और जोधपुर संभाग के जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। डीग में कड़ाके की सर्दी जारी है। सुबह खेतों में बर्फ की हल्की परत दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार माउंट आबू में आज न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। चूरू, श्रीगंगानगर, सीकर और अजमेर में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। विभाग ने आज प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले दो तीन दिन तक कोहरा छाए रहने के आसार हैं।

...............................................................

जयपुर में कल राजस्थान में मौसम एवं जलवायु सेवाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ये कार्यशाला रखी गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मौसम विशेषज्ञों और हितधारकों के बीच संवाद को बढावा देने और मौसम तथा आपदा की पूर्व सूचना देने के उद्देश्य से ये कार्यशाला रखी गई है।

...............................................................